तेज रफ्तार मोटरसाइकिल अंडे की दुकान में घुसी, युवक की मौत

निवास-शहपुरा मार्ग पर आमगांव बस स्टैंड में हादसा

निवास, देशबन्धु। निवास-शाहपुरा मार्ग स्थित ग्राम आमगांव के बस स्टैंड पर गुरुवार को तेज रफ्तार के कारण एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। अनियंत्रित हुई बाइक सड़क किनारे स्थित एक अंडे की दुकान में जा घुसी, जिससे बाइक चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। अस्पताल ले जाते समय उसकी मौत हो गई। जानकारी के अनुसार, मृतक की पहचान आशीष धुर्वे के रूप में हुई है। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक युवक तेज गति से बाइक चला रहा था। बस स्टैंड के पास पहुंचते ही वह वाहन पर नियंत्रण नहीं रख सका और सीधे अंडे की दुकान में जा टकराया। टक्कर इतनी जोरदार थी कि युवक को गंभीर चोटें आईं। हादसे के तुरंत बाद स्थानीय लोगों ने घायल को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाने का प्रयास किया, लेकिन चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पंचनामा कार्रवाई के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर दुर्घटना के कारणों की जांच शुरू कर दी है। प्रारंभिक तौर पर दुर्घटना की वजह तेज रफ्तार मानी जा रही है।

पागल कुत्तों के आतंक से चिरईडोंगरी में दहशत

25 से 30 लोगों पर किया हमला स्कूल और आंगनबाड़ी रहे बंद

नारायणगंज/मंडला, देशबन्धु। मंडला जिले की नारायणगंज तहसील अंतर्गत ग्राम चिरईडोंगरी में पागल एवं आवारा कुत्तों के आतंक से ग्रामीणों में भय का माहौल बना हुआ है। मंगलवार को साप्ताहिक हाट बाजार के दौरान अक्रामक कुत्तों ने अचानक लोगों पर हमला कर दिया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार हमले में करीब 25 से 30 लोग घायल हुए, जिनमें 6 से 7 लोगों को गंभीर चोटें आई हैं। घटना के बाद बाजार में अफरा-तफरी और भगदड़ की स्थिति बन गई।घटना के बाद ग्रामीणों एवं अभिभावकों में बच्चों की सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ गई। संभावित खतरे को देखते हुए बुधवार को शासकीय प्राथमिक शाला, माध्यमिक शाला तथा स्थानीय आंगनवाड़ी केंद्र बंद रखे गए, ताकि किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना से बचा जा सके। माध्यमिक शाला चिरईडोंगरी के प्रभारी चैनसिंह मरावी ने बताया कि पिछले दो-तीन दिनों से क्षेत्र में पागल कुत्तों के हमलों की घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं। इसी कारण एहतियात के तौर पर बच्चों को स्कूल नहीं बुलाया गया। उन्होंने बताया कि विद्यालय परिसर में बाउंड्रीवॉल नहीं होने से पशु और कुत्ते आसानी से अंदर प्रवेश कर जाते हैं, जिससे विद्यार्थियों की सुरक्षा पर खतरा बना रहता है।

प्रभारी ने बताया कि विद्यालय में बाउंड्री वॉल निर्माण की मांग को लेकर उच्च अधिकारियों एवं स्थानीय प्रशासन को मौखिक एवं लिखित रूप से अवगत कराया जा चुका है। ग्रामीणों ने भी प्रशासन से पागल एवं आवारा कुत्तों को पकड़ने, प्रभावित लोगो का उपचार उपलब्ध कराने की मांग की है।

'जन सुरक्षा-युवा सृजन' अभियान का शुभारंभ एसपी राजेश रघुवंशी ने छात्राओं को किया जागरूक

मंडला, देशबन्धु। मध्यप्रदेश पुलिस मुख्यालय भोपाल एवं स्कूल शिक्षा विभाग के संयुक्त नवाचार 'जन सुरक्षा-युवा सृजन' संवाद कार्यक्रम का शुभारंभ महाराजपुर स्थित शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में किया गया। कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक राजेश रघुवंशी ने छात्राओं को कानून के प्रति सम्मान, सामाजिक जिम्मेदारी और सुरक्षित डिजिटल व्यवहार अपनाने का संदेश दिया। एसपी ने कहा कि छात्र जीवन व्यक्तित्व और भविष्य निर्माण का सबसे महत्वपूर्ण दौर होता है। उन्होंने छात्राओं से नियमित अध्ययन के साथ खेलकूद एवं अन्य रचनात्मक गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी करने तथा शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ रहने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि अधिकार और कर्तव्य एक-दूसरे के पूरक हैं, इसलिए प्रत्येक विद्यार्थी को अपने अधिकारों के साथ अपने कर्तव्यों का भी ईमानदारी से निर्वहन करना चाहिए। संवाद के दौरान छात्राओं को साइबर सुरक्षा, महिला एवं बाल सुरक्षा, नशामुक्ति, सड़क सुरक्षा तथा आधुनिक तकनीकों के सुरक्षित उपयोग के बारे में जानकारी दी गई। एसपी ने मोबाइल फोन और सोशल मीडिया का जिम्मेदारीपूर्वक उपयोग करने तथा अनावश्यक स्क्रीन टाइम से बचने की सलाह भी दी।

उन्होंने पुलिस की कार्यप्रणाली, नागरिकों के प्रति पुलिस की जिम्मेदारियों और कानून पालन में आमजन की भूमिका पर भी विस्तार से प्रकाश डाला। कार्यक्रम के तहत 'मैं, मेरे अधिकार और मेरी जिम्मेदारियां' तथा 'कानून, सुरक्षा एवं न्याय' विषयों पर संवाद आयोजित किया गया। इसके बाद छात्राओं को थाना महाराजपुर का शैक्षणिक भ्रमण कराया गया, जहां उन्हें शिकायत पंजीयन एवं निराकरण की प्रक्रिया, पुलिस की विभिन्न शाखाओं और डायल-112 आपातकालीन सेवा की कार्यप्रणाली से अवगत कराया गया। इस अवसर पर एसडीओपी मंडला पीयूष मिश्रा, डीएसपी (महिला सुरक्षा) सतीश चतुर्वेदी, थाना प्रभारी महाराजपुर निरीक्षक जय सिंह यादव, विद्यालय के प्राचार्य, शिक्षकगण, पुलिस अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में छात्राएं उपस्थित रहीं।

सार-समाचार

11 को निकलेगी शिव कांवड़ यात्रा

मंडला, देशबन्धु। श्रावण मास के पावन अवसर पर शिव कावड़ यात्रा समिति, झूला पुल तिराहा द्वारा 11 अगस्त (मंगलवार) को भव्य शिव कावड़ यात्रा का आयोजन किया जाएगा। समिति ने अधिक से अधिक श्रद्धालुओं से यात्रा में शामिल होकर भगवान शिव की आराधना एवं धर्ममय वातावरण को सफल बनाने की अपील की है।

समिति के अनुसार कावड़ यात्रा का शुभारंभ दोपहर 12 बजे शिव मंदिर, झूला पुल तिराहा से होगा। यात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए विभिन्न धार्मिक एवं सार्वजनिक स्थलों का भ्रमण करेगी। यात्रा का मार्ग शिव मंदिर झूला पुल तिराहा, मुन्नीबाई धर्मशाला, बलराम चौक, चिरमान चौक, बस स्टैंड, ज्ञानदीप रोड, बड़ा चौराहा, उदय चौक, बुधवारी एवं व्यास नारायण मंदिर (किला) तक रहेगा। इसके बाद यात्रा पुनः शिव मंदिर, झूला पुल तिराहा पहुंचकर संपन्न होगी। आयोजन समिति ने बताया कि यात्रा के दौरान भगवान शिव के जयकारों, भजन-कीर्तन और धार्मिक वातावरण के बीच श्रद्धालु कंधों पर कावड़ लेकर नगर भ्रमण करेंगे। विभिन्न स्थानों पर श्रद्धालुओं के स्वागत एवं सेवा की भी व्यवस्था की जाएगी।

17 अगस्त के राष्ट्रव्यापी आंदोलन की तैयारियां तेज भारतीय मजदूर संघ की जिला स्तरीय बैठक संपन्न

मंडला, देशबन्धु। भारतीय मजदूर संघ जिला मंडला की महत्वपूर्ण बैठक गुरुवार को जिला कार्यालय देवदरा में आयोजित की गई। बैठक में 17 अगस्त 2026 को प्रस्तावित राष्ट्रव्यापी आंदोलन को सफल बनाने के लिए तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की गई तथा कार्यक्रम की रूपरेखा पर सर्वसम्मति से निर्णय लिए गए। बैठक में तय किया गया कि 17 अगस्त को दोपहर 12 बजे कलेक्ट्रेट रोड स्थित चर्च के सामने टेंट लगाकर आंदोलन का शुभारंभ किया जाएगा। इसके बाद दोपहर 2 बजे विशाल मजदूर रैली निकाली जाएगी, जो शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए कलेक्टर कार्यालय पहुंचेगी।

रैली के समापन पर जिले के विभिन्न श्रमिक संगठनों से जुड़े मजदूरों की समस्याओं एवं मांगों को लेकर प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन कलेक्टर को सौंपा जाएगा। बैठक को संबोधित करते हुए भारतीय मजदूर संघ के जिला मंत्री हरिश यादव ने कहा कि भारतीय मजदूर संघ हमेशा 'राष्ट्रहित, उद्योग हित एवं श्रमिक हित' के मूल मंत्र के साथ श्रमिकों के अधिकारों और सम्मान की रक्षा के लिए संघर्षरत रहा है। उन्होंने जिले के सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे 17 अगस्त के राष्ट्रव्यापी आंदोलन में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर इसे ऐतिहासिक एवं सफल बनाएं। बैठक में मेकलसूता निर्माण मजदूर संघ के जिला अध्यक्ष नारायण यादव, राज्य कर्मचारी संघ के जिला सचिव संजू कुशराम, स्थायी कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष शीतल चौबे, अंशकालीन कर्मचारी संघ की जिला अध्यक्ष पारुल सारथी, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका संघ की संयोजक पंचेश्वरी चौरसिया, रसोइया संघ के महामंत्री पहल सिंह आर्मो, भारतीय मजदूर संघ के जिला अध्यक्ष प्रहलाद चंद्रोल, जिला कोषाध्यक्ष मोहन भारिया, मीडिया प्रभारी राजकुमार धुर्वे सहित विभिन्न श्रमिक संगठनों के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

सैन्य बलों की वीरता के पीछे परिवार की अहम भूमिका: मंत्री श्रीमती उईके

विशेष सशस्त्र बल 35वीं वाहिनी, ग्वारा का 21वां स्थापना दिवस गरिमापूर्ण वातावरण में आयोजित

मंडला, देशबन्धु। विशेष सशस्त्र बल 35वीं वाहिनी, ग्वारा का 21वां स्थापना दिवस गरिमापूर्ण एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री श्रीमती सम्पतिया उईके मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुईं।

मुख्य अतिथि श्रीमती सम्पतिया उईके ने अपने उद्बोधन में कहा कि सैन्य बलों के साहस, शौर्य एवं समर्पण के पीछे उनके परिवारों का महत्वपूर्ण योगदान होता है। परिवारजन जवानों का मनोबल बढ़ाने के साथ-साथ उनकी अनुपस्थिति में पारिवारिक दायित्वों का निर्वहन करते हैं, जिससे जवान पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ राष्ट्र सेवा का दायित्व निभा पाते हैं। उन्होंने कहा कि हमारे सुरक्षा बल न केवल देश की सीमाओं की सुरक्षा करते हैं, बल्कि नक्सलवाद जैसी आंतरिक चुनौतियों का भी दृढ़ता एवं साहस के साथ सामना कर राष्ट्र की सुरक्षा सुनिश्चित कर रहे हैं।

मंत्री श्रीमती उईके ने बटालियन परिसर, ग्वारा में विद्युत व्यवस्था संबंधी समस्या की जानकारी प्राप्त होने पर प्रशासन के समन्वय से आवश्यक व्यवस्था शीघ्र सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। उन्होंने परिसर में विभिन्न सामाजिक एवं सांस्कृतिक आयोजनों के लिए मंगल भवन के निर्माण हेतु भी सकारात्मक पहल का आश्वासन दिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला पंचायत अध्यक्ष श्री संजय कुशराम ने कहा कि सैन्य बलों के जवान एवं उनके परिवार राष्ट्र सेवा के लिए सदैव समर्पित रहते हैं। उन्होंने देश की रक्षा करते हुए सर्वोच्च बलिदान देने वाले वीर शहीदों को श्रद्धापूर्वक नमन करते हुए कहा कि उनके अदम्य साहस एवं त्याग पर सम्पूर्ण देश को गर्व है। स्थापना दिवस समारोह के अंतर्गत जवानों के परिजनों एवं बच्चों द्वारा आकर्षक सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दी गईं। जवानों की टीम ने 'नशा मुक्त मण्डला' विषय पर जनजागरूकता आधारित नाट्य प्रस्तुति भी दी। कार्यक्रम के दौरान महिला मंडल की सदस्यों को हारमोनियम भेंट किए गए तथा मेधावी विद्यार्थियों एवं विभिन्न क्रीड़ा प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर नगर पालिका परिषद बम्हनी बंजर की अध्यक्ष श्रीमती मीना हरदहा, कलेक्टर श्री राहुल नामदेव धोटे, पुलिस अधीक्षक श्री राजेश रघुवंशी, कमांडेंट 35वीं वाहिनी, डिप्टी कमांडेंट, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री शिव कुमार वर्मा सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी-कर्मचारी, जवान एवं उनके परिजन उपस्थित रहे।

हाईरिस्क गर्भवती को समझाइश के बाद सीएचसी बीजाडांडी में कराया गया भर्ती

मंडला, देशबन्धु। जिले में मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं के तहत हाईरिस्क गर्भवती महिलाओं की सतत निगरानी की जा रही है। इसी क्रम में विकासखंड नारायणगंज के ग्राम चाटी निवासी गर्भवती महिला श्रीमती सोनवती पति श्री चंद्रेश को स्वास्थ्य विभाग की टीम ने समझाइश देकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बीजाडांडी में भर्ती कराया। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार महिला गर्भावस्था जनित उच्च रक्तचाप तथा मध्यम एनीमिया से पीड़ित है। पूर्व में उसे जिला अस्पताल मंडला रेफर किया गया था। जानकारी मिलने पर सीएचसी बीजाडांडी के सीबीएमओ डॉ. अजयतोष मरावी, परियोजना अधिकारी सुश्री मनीषा तिवारी तथा स्वास्थ्य विभाग की टीम महिला के घर पहुंची। टीम ने परिजनों एवं ग्रामीणों की उपस्थिति में हाईरिस्क गर्भावस्था के संभावित खतरों की जानकारी देते हुए महिला को उपचार के लिए राजी किया। इसके बाद 108 एम्बुलेंस की सहायता से महिला को सीएचसी बीजाडांडी लाकर भर्ती कराया गया।

चुटका परियोजना की प्रगति की समीक्षा बैठक आयोजित

मंडला, देशबन्धु। कलेक्टर राहुल नामदेव धोटे ने चुटका परियोजना की प्रगति की विस्तृत समीक्षा करते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को सभी कार्यों में समन्वय स्थापित कर समय-सीमा में कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में परियोजना से प्रभावित परिवारों के पुनर्वास, भू-अर्जन, रोजगार एवं आधारभूत सुविधाओं की प्रगति की विस्तार से समीक्षा की गई। कलेक्टर ने भू-अर्जन से संबंधित लंबित प्रकरणों का शीघ्र निराकरण कर पात्र हितग्राहियों को मुआवजा राशि का समय पर भुगतान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने राजस्व एवं लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को आपसी समन्वय स्थापित कर आवश्यक निर्माण कार्य प्रारंभ करने के लिए कहा। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे स्वयं प्रभावित ग्रामों में पहुंचकर ग्रामीणों से संवाद करें, उनकी शंकाओं एवं भ्रांतियों का समाधान करें तथा परियोजना से संबंधित सही जानकारी उपलब्ध कराएं। उन्होंने परियोजना की प्रगति की प्रत्येक सात दिवस में समीक्षा रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश भी दिए। समीक्षा के दौरान डिप्टी कलेक्टर श्रीमती क्षमा सराफ ने बताया कि परियोजना से 289 परिवार दोहरे विस्थापन से प्रभावित हैं, जिनमें 98 कृषक शामिल हैं। अब तक 119 विस्थापित परिवारों में से 107 परिवारों की प्रक्रिया पूर्ण हो चुकी है, जबकि 12 प्रकरण लंबित हैं। कलेक्टर ने सभी लंबित प्रकरणों का निराकरण कर 30 नवंबर तक विस्थापन प्रक्रिया पूर्ण करने के निर्देश दिए। रोजगार एवं पुनर्वास की समीक्षा में बताया गया कि अब तक 62 स्थानीय विस्थापितों को रोजगार उपलब्ध कराया जा चुका है तथा शेष 25 पात्र व्यक्तियों को रोजगार उपलब्ध कराने के लिए प्रशासन द्वारा आवश्यक प्रयास किए जा रहे हैं। इसके साथ ही 30 परिवारों को स्वरोजगार से जोड़ने की कार्ययोजना बनाई जा रही है।

अंडर 15 स्टेट फुटबॉल चैंपियंस का हुआ जोरदार स्वागत

मंडला ने इतिहास रचते हुए फाइनल में इंदौर को को दी 2-4 से मात

मण्डला,देशबन्धु। मध्य प्रदेश फुटबॉल एसोसिएशन के तत्वाधान में बालाघाट के तिरोड़ी में आयोजित अंडर 15 स्टेट फुटबॉल टूर्नामेंट में इंदौर को पेनाल्टी शूटआउट में दो के मुकाबले चार गोलों से हराकर चैंपियन बनी मंडला टीम के वापस आने पर गुरुवार को बस स्टैंड में जोरदार स्वागत किया गया। बालाघाट के तिरोड़ी में 28 जुलाई से 5 अगस्त तक आयोजित अंडर 15 स्टेट फुटबॉल टूर्नामेंट में मध्य प्रदेश की 16 टीम ने भाग लिया था। इसमें छिंदवाड़ा, मंडला, बालाघाट, जबलपुर, सागर, शहडोल, सिंगरौली, बैतूल, सीहोर, शिवपुरी, भोपाल, नर्मदापुरम, इंदौर, नीमच, देवास, ग्वालियर शामिल है। इस प्रतियोगिता में जिला फुटबॉल संघ मंडला की टीम ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया है।

मंडला जिला फूटबाल संघ के सचिव व टीम मैनेजर पंकज उसराठे ने बताया कि मंडला की टीम में मंडला, मोहगांव, नैनपुर के खिलाडी शामिल थे। प्रतियोगिता के दौरान मंडला ने पूल गेम में छिंदवाड़ा को 15 / 0, जबलपुर को 2/4 से हराकर अपने पूल में टॉप किया। सेमीफइनल में मंडला का मुकाबला शहडोल को 6 /0 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। फाइनल में मंडला का मुकाबला इंदौर से हुआ। यह मैच काफी रोमांचक और संघर्षपूर्ण रहा। निर्धारित समय तक दोनों ही टीम कोई भी गोल करने में कामयाब नहीं हुई। नतीजतन मुकाबला पेनल्टी शूटआउट तक गया। इसमें भी मंडला के खिलाडियों ने बेहतर दम और स्किल दिखाते हुए दो 4 गोल दागे जबकि इंदौर की टीम महज दो पेनल्टी किक को ही गोल में तब्दील कर पाई। इस तरह मंडला ने निर्णायक मुकाबले में इंदौर को 2 / 4 से शिकस्त देकर अंडर 15 स्टेट फुटबॉल टूर्नामेंट चैंपियन बनी।

टीम की इस उपलब्धि पर मंडला के खेल प्रेमियों में हर्ष का माहौल है। चैंपियन बनने के बाद मंडला लौटने पर टीम का शानदार स्वागत हुआ। बीएस स्टैंड में जिला फूटबाल संघ के पदाधिकारी /सदस्य, खेल प्रेमी व खिलाडियों के अभिभावक बड़ी संख्या में मौजूद थी। सभी ने खिलाडियों को फूलों की माला पहनकर व मिठाई खिलाकर उनका स्वागत किया। इसके बाद बैंड बाजे के साथ चैंपियन टीम चिलमन चौक पहुंची जहां नगर के खेल प्रेमियों ने उनका आत्मीय स्वागत किया। इस दौरान जिला फुटबॉल संघ के अध्यक्ष डॉ. दिलीप शर्मा ने इसे भावुक छड़ बताया। उन्होंने कहा कि देश के साथ - साथ अब मंडला भी करवट बदल रहा है। अब मंडला के खिलाडी भी राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा बिखेरने के लिए तैयार है।

वरिष्ठ हॉकी व फुटबॉल खिलाडी मतीन खान ने इस एक बड़ी उपलब्धि बताते हुए मंडला के लिए गौरव का छड़ बताया। उन्होंने ने कहा कि यह बहुत बड़ी बात है। खिलाडियों ने इतिहास रचा है। हम जो कल्पना करते थे उसे इन बच्चों ने कर दिखाया। मध्य प्रदेश बैडमिंटन एसोसिएशन के सहसचिव चंद्रेश खरे ने भी इसे ऐतिहासिक उपलब्धि बताया। उन्होंने कहा कि जिला फुटबॉल संघ ने इसके लिए कड़ी मेहनत की है। जिस तरह से मंडला व् मोहगांव में फुटबॉल को लेकर माहौल है उससे लगता है कि हम जल्द सीनियर चैंपियन भी बन सकते है। जिला फुटबॉल संघ मंडला टीम के अंडर 15 स्टेट चैंपियन बनने पर प्रभारी जिला खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मंडला शिव कुमार वर्मा, जिला फुटबॉल संघ के अध्यक्ष डॉ. दिलीप शर्मा, उपाध्यक्ष अनिल सोनी, भीष्म द्विवेदी, सत्यनारायण अग्रवाल, सचिव पंकज उसराठे, सहसचिव वेद प्रकाश कुलस्ते - अभिषेक यादव, कोषाध्यक्ष पवन नंदा, सैयद कमर अली, पुरषोत्तम उसराठे, राजेश पाठक, अनूप वासल, प्रिया नाडकर्णी, दिग्विजय सिंह, सुनील सराफ, राजेंद्र शर्मा, चंद्रेश खरे,रामकृष्ण सेवाश्रम के स्वामी शारदात्मानन्द महाराज, दिग्विजय सिंह, शैलेष दुबे, मतीन खान, अभिनव जैन, सैयद जावेद अली, समीर बाजपेई, अर्जुन अवार्डी सोना दुबे, डॉ. आकाश खत्री, शशांक मिश्रा, करुणा मर्सकोले, त्रिलोक डोंगरे, बिलाल खान, मुजवी हसन, देवेंद्र सरोते, राजीव धुर्वे, अन्जेश्वर, कुशल भवेदी सहित नगर के सभी खेल प्रेमियों ने टीम को शुभकामनाएं दीं।

कार्यालय संपदा अधिकारी म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल, प्रक्षेत्र जबलपुर

भवन लीज हस्तांतरण / नामांतरण हेतु सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि राजीव कालोनी मण्डला में भवन क्रमांक SR.LIG-76 श्री राकेश सोनकेशरी पिता श्री नेमीचंद सोनकेशरी के नाम आवंटित है, जिसका विक्रय विलेख दिनांक 20.08.2015 को आवंटी के पक्ष में निष्पादित हो चुका है। उक्त भवन श्री राकेश सोनकेशरी पिता श्री नेमीचंद सोनकेशरी ने पंजीकृत विक्रय विलेख दिनांक 21.09.2023 के माध्यम से श्री संदीप कुमार ठाकुर पिता श्री रनजोर सिंह ठाकुर को विक्रय किया है। अतः श्री संदीप कुमार ठाकुर पिता श्री रनजोर सिंह ठाकुर द्वारा उक्त भवन उनके नाम लीज हस्तांतरण हेतु दस्तावेज / आवेदन इस कार्यालय में प्रस्तुत किये गये हैं। यदि किसी व्यक्ति, संस्था आदि को उपरोक्त लीज हस्तांतरण (भवन/भूखण्ड) बाबत् आपत्ति हो तो इस सूचना के प्रकाशित होने से 15 दिवस के अंदर लिखित में वैद्य आपत्ति सप्रमाण प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अवधि के पश्चात् लीज हस्तांतरण की कार्यवाही कर दी जावेगी। जिस पर किसी की कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

सम्पदा अधिकारी
म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल, प्रक्षेत्र जबलपुर

र.नं. 1677

न्यायालय तहसीलदार तहसील बिछिया जिला मण्डला (म.प्र.)

क्रमांक/41/ तह./प्रवा./2026
बिछिया दिनांक:-30.07.2026

आम इश्तहार

आम जनता को सूचित किया जाता है कि ग्राम बिछिया प.ह.नं. 46 रा.नि.मं. बिछिया में स्थित भूमि खसरा नं. 80/10/1 रकबा 0.1490 हे. भूमि राजस्व अभिलेख में राहुल पिता रतिराम वगैरह के नाम से भूमिस्वामी हक में दर्ज है। आवेदक द्वारा आवेदित भूमि की बटवारा हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। परंतु आवेदित भूमि के समस्त हितबद्ध पक्षकार भूमि ग्राम में निवासरत नहीं है, तथा प्रकरण में पूर्व में इश्तहार प्रकाशन किया जा चुका है।

अतः प्रकरण में पूर्व से जारी इश्तहार की अवधि समाप्त होने से आज दिनांक 30.07.2026 से 15 दिवस की अवधि में वृद्धि की जाती है। अतः उक्त अवधि के भीतर न्यायालय में उपस्थित होकर दावे आपत्ति प्रस्तुत करें।

तहसीलदार,
बिछिया

र.नं. 1686